सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-521
26/11/2016

क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 26 नवम्बर 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने क्यूबा के पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि फिदेल कास्त्रो एक क्रांतिकारी नेता एवं कुशल प्रशासक थे। फिदेल कास्त्रो 1959 से 1976 तक क्यूबा के प्रधानमंत्री और फिर क्यूबा के राष्ट्रपति रहे। उन्होंने स्वेच्छा से वर्ष 2008 में क्यूबा के राष्ट्रपति का पद छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1978 में हवाना में आयोजित वर्ल्ड यूथ फेस्टिवल में फिदेल कास्त्रो से मिलने का अवसर मिला था। उनके निधन से क्यूबा को अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं क्यूबा के लोगों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******